दिनांक : 29.11.2025 **समय : 02.10pm**

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रधानमंत्री–रायपुर पुलिस सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज छत्तीसगढ़ में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे हैं। तीन दिवसीय सम्मेलन कल नवा रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान में शुरू हुआ। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन को आंतरिक सुरक्षा के समाधानों के एक पोर्टल के रूप में तैयार किया गया है, जो रणनीति और नीति निर्माण के लिए व्यापक सिद्धांत प्रस्तुत करता है। श्री शाह ने कहा कि देश ने पिछले 11 वर्षों में कट्टरपंथ, उग्रवाद, विद्रोह और नशीले पदार्थों के विरुद्ध अपने अभियानों में उल्लेखनीय प्रगति की है।

मल्लाहरगढः रैंकिंग

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित पुलिस महानिदेशकों और पुलिस महानिरीक्षकों की कॉन्फ्रेंस में देश के श्रेष्ठ पुलिस थानों के रैंकिंग की घोषणा की गई। इस रैंकिंग में प्रदेश का पुलिस थाना मल्हारगढ़, जिला मंदसौर को देश भर के पुलिस थानों में 9 वीं रैंक प्राप्त हुई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने थानों की रैंकिंग के लिये विभिन्न 70 पैमाने तय किए थे। इनमें अपराध का ग्राफ, आपराधिक प्रकरण को सुलझाने की अवधि, स्वच्छता और पुलिसकर्मियों का व्यवहार सहित अन्य पैमाने शामिल थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मल्हारगढ़ थाने को उच्च रैंकिंग प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार सुशासन के लिए पहचानी जाती है। कानून सबके लिए है। कानून की पकड़ से कोई भी अपराधी बच नहीं सकता है। रायसेन जिले के गौहरगंज में बच्ची से दुराचार की घटना के आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर मुख्यमंत्री ने कल यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी व्यक्ति कानून–नियमों और व्यवस्थाओं को नहीं मानता है, सरकार उससे अच्छी तरह निपटना भी जानती है और कानूनी प्रावधानों का इस्तेमाल कर उसे प्रतिबंधित भी करती है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश पुलिस किसी भी अपराधी को छोड़ने वाली नहीं है।

राज्यपाल प्रशिक्षु आईपीएस

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि आमजन के साथ सहानुभूति और समानाभूति लोक सेवा का आधार है। यह कथनी और करनी में साफतौर पर दिखना चाहिए। राजभवन में कल आए 77वें आर आर बैच के भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ चर्चा में राज्यपाल ने कहा कि अधिकारियों को जनहित, राष्ट्रहित के कार्यों का नेतृत्व व्यक्तिगत आचरण और व्यवहार से करना चाहिए, क्यांकि लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम पुलिस में सेवा का अवसर है।

श्रम कानून प्रतिक्रिया

देश मे लंबे समय से प्रतीक्षित श्रम संहिता के तहत केंद्र सरकार ने चार नए लेबर कोड लागू किए हैं, जिनका समाज के हर वर्ग ने स्वागत किया है।

अंडर–20 महिला फुटबॉल

भारत की अंडर–20 महिला फुटबॉल टीम आज तमिलनाडु के महाबलीपुरम में एफ सी मद्रास अकादमी में उज़्बेकिस्तान के खिलाफ दो मैत्री मैचों में से पहला मैच खेलेगी। मैच भारतीय समयानुसार शाम 5 बजे शुरू होगा। मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन ने इन दोनों मैचों के लिए 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जो 2026 एएफसी अंडर–20 महिला एशियन कप के लिए भारत की तैयारियों का हिस्सा होगी।

समाचार संक्षेप में –

- शिवपुरी जिले के करैरा और पोहरी में कल सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाह ने करैरा में मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- पन्ना जिले मे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य युद्ध स्तर पर जारी हे। जिले मे अब तक 92 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया हे
- सतना और मैहर जिले में धान एवं गेहूं की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है।
- दिल्ली में आयोजित 44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में नीमच जिले की जावद तहसील के तारापुर गांव की नांदना और हैंड ब्लॉक प्रिंट कला ने विशेष पहचान